# LESSON PLAN APRIL 2025

**No of Teaching Days**

**TOPIC:** पाठ – 1 एक किरण आई छाई

पाठ – 2 धन्यवाद माँ

व्याकरणः लिंग बदलो, वचन बदलो, विलोम शब्द, पर्यायवाची शब्द

**No of days required to complete the topic:**

**Knowledge objective:** इससे छात्रों को यह ज्ञान प्राप्त होगा कि उन्हें सूर्य की किरण की तरह दुनिया में खुशहाली लाने की कोशिश करनी चाहिए।

छात्र समझ पाएँगे कि माँ का प्यार कितना निःस्वार्थ होता है।

**Understanding Objective:** व्याकरण के विभिन्न उपविषयों द्वारा छात्र व्याकरणिक नियमों से भली भांति परिचित होंगे। वे इन नियमों के प्रयोग में निपुणता प्राप्त करने के समर्थ होंगे।

**Skill Objective:** छात्र 'धन्यवाद' करने के ढंग से परिचित होंगें। प्रकृति के सौंदर्य का अनुभव करना सीखेंगे।

**Previous Knowledge Testing:** छात्रों से पूछा जाएगा क्या उन्होंने उगते हुए सूर्य को देखा है?

- यदि कोई हमारे लिए कुछ अच्छा करता है तो बदले में हमें क्या कहना चाहिए?
- हम अपनी बात को प्रभावशाली ढंग से किस प्रकार कह सकते हैं?

**Teaching Aids :** पुस्तक, चॉक, बोर्ड, झाड़न, फ़्लैश कार्ड, आदि।

**Pedagogical Strategies :** अध्यापक द्वारा पाठ–1 'एक किरण आई छाई' (कविता) का आदर्श वाचन छात्रों के समक्ष किया जाएगा। तत्पश्चात् क्रमानुसार छात्रों से पाठ वाचन करवाया जाएगा। कठिन शब्दों के अर्थ साथ-साथ स्पष्ट किए जाएँगे कविता का भावार्थ भी समझाया जाएगा। कठिन शब्द तथा शब्दार्थ कॉपी में समझाकर करवाए जाएँगे।

छात्रों से प्रश्नों के उत्तर पूछे जाएँगे। उनके द्वारा दिए गए उत्तर उचित संशोधन के साथ कॉपी में लिखवा दिए जाएँगे।

इसी प्रकार पाठ–2 धन्यवाद माँ भी छात्रों से पढ़वाकर उन्हें समझाया जाएगा इस पाठ के माध्यम से छात्रों को सीख दी जाएगी कि माँ का प्यार निःस्वार्थ होता है।

छात्रों को दैनिक जीवन के उदाहरण देकर व्याकरण के विषय समझाए जाएँगे जिससे वे प्रभावशाली ढंग से सीख पाने में सक्षम होंगे।

**Flash Cards- Experiential Learning :** व्याकरण से संबंधित विषयों के Flash cards बनवाए जाएँगे। छात्रों को कुछ विषय बता कर उनसे संबंधित चित्र Flash cards पर बनकार लाने के लिए कहा जाएगा। इस विधि के माध्यम से छात्रों को कक्षा में व्याकरण के विषय समझाए जाएँगे।

**Art Integration :** छात्रों द्वारा पाठ–2 से संबंधित गतिविधि की जाएगी। सभी छात्र अपनी माँ को धन्यवाद देने के लिए अपनी अपनी प्रतिभा का उपयोग कर कार्ड बनाएँगे। उस कार्ड में कुछ पंक्तियाँ माँ को धन्यवाद देने के लिए, माँ के निःस्वार्थ प्यार को दर्शाने के लिए लिखेंगे।

**Interdisciplinary Linkages and Infusion of Life skills :** छात्रों को प्रकृति के अनुपम सौंदर्य से जुड़ने व उसका संरक्षण करने की प्रेरणा दी जाएगी। छात्रों को खुले वातावरण में ले जाकर पक्षियों की चहचहाहट, घास व पत्ते, फूल–पौधो आदि की सुंदरता को अनुभव करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

छात्रों में 'धन्यवाद' कहने की कला को विकसित किया जाएगा। साथ ही रिश्तों की समझ, रिश्तों के प्रति प्यार पैदा करने की प्रेरणा दी जाएगी।

**Recapitulation :** छात्रों से पाठ से संबंधित लघु प्रश्न पूछे जाएँगे। 'किसने कहा, किससे कहा? आदि पूछ कर मौखिक दोहराई भी करवाई जाएगी।

**Resources including ICT (Information and Communication Technology):** व्याकरण संबंधी जानकारी देने के लिए Youtube Videos और link share किए जाएँगे तांकि छात्र सभी उपविषयों को आसानी से समझ सकें।

https://youtu.be/ZggcxagULwU

https://youtu.be/Fl8BmcmZNQ

**Assessment Sheets :** छात्रों के ज्ञान की परख के लिए करवाए गए पाठ्यक्रम में से 'लघु मूल्यांकन' परीक्षा ली जाएगी।

**शब्द अर्थ**

1. श्रेष्ठ 2. स्वयं

**प्रश्न –उत्तर**

1. पेंसिल रबड़ को क्यों धन्यवाद देना चाहती थी?

2. अध्यापिका ने किसे रबड़ को समान बताया?

**लिंग बदलो :-**

1. शेर दहाड़ रहा है।

2. शेरनी दहाड़ रही है।

**वचन बदलो :** 1. आँख – आँखें 2. कन्या – कन्याएँ

**विलोम शब्द :**

1. अमीर – गरीब 2. अंधकार – प्रकाश

**Remedial Teaching:** जिन छात्रों को किसी उपविषय को समझने में परेशानी आ रही है उन पर व्यक्तिगत रुप से विशेष ध्यान दिया जाएगा। हस्तलेखन पर बल दिया जाएगा। Formation सुधार के लिए follow-up करवाया जाएगा।

**Inclusive Practices And Full Participation Without Discrimination:** सभी छात्रों की कक्षा में भागीदारी को यकीनी बनाया जाएगा। मौखिक चर्चा में सभी बच्चों को बोलने का अवसर मिलेगा।

## Lesson Plan MAY 2025

**No of Teaching Days**

**Topic :** पाठ–3 सेठ का इलाज

व्याकरणः संज्ञा, संज्ञा छाँटना, मुहावरे

**No of days required to complete the topic:**

**Knowledge objective:** इससे छात्रों को कर्मठ बनने की सीख मिलेगी। वे जान पाएँगे कि स्वस्थ और निरोगी रहने के लिए शारीरिक श्रम अति आवश्यक है।

**Understanding Objective:** छात्र अपने कार्य स्वयं करने की आदत डालेंगे। वे जान सकेंगे कि बिस्तर पर पड़े-पड़े व्यक्ति बीमार हो सकता है, स्वस्थ नहीं।

**Skill Objective:** पाठ से छात्रों को खेती-बाड़ी के कार्यों का महत्त्व पता चलेगा। स्वस्थ जीवन जीने की कला से वे परिचित होंगे।

**Previous Knowledge Testing:** छात्रों से व्यायाम का महत्त्व पूछा जाएगा। उनसे पूछा जाएगा कि वे किस खेल में रुचि रखते हैं और क्यों?

व्याकरण विषयों को भली भाँति समझाने के लिए आस-पास की वस्तुओं के नाम पूछे जाएँगे। उन्हें जीवित व निर्जीव में विभाजित करने के लिए कहा जाएगा।

**Teaching Aids :** चॉक, झाड़न**,** हरित पट्ट, पुस्तक, youtube links

**Pedagogical Strategies:** पाठ–3 सेठ का इलाज स्वयं शिक्षिका द्वारा उच्च स्वर में पढ़ा जाएगा। छात्र इसका अनुसरण करेंगे। तत्पश्चात् प्रत्येक छात्र से पाठ पढ़वाया जाएगा। साथ साथ अध्यापिका द्वारा इसकी व्याख्या की जाएगी। कठिन शब्दों के अर्थ स्पष्ट करते हुए उनके शुद्ध उच्चारण पर विशेष बल दिया जाएगा। प्रश्नोत्तर पर चर्चा के उपरांत प्रश्नोत्तर व संपूर्ण अभ्यास संपन्न करवाया जाएगा।

व्याकरण के सभी विषय दैनिक जीवन के उदाहरण देते हुए पढ़ाए जाएँगे।

**Experiential Learning** छात्रों के मैदान में ले जाकर दो समूहों में बाँटा जाएगा। एक समूह को बिठा दिया जाएगा। दूसरे समूह को खेल-कूद के लिए दस मिनट दिए जाएँगे। अब पूछा जाएगा कि कौन-सा समूह आनंदित हो रहा है। इस प्रकार उन्हें समझ आएगा कि जीवन की सार्थकता कर्म करने में है न कि निठल्ले बैठने में तत्पश्चात दूसरे समूह को भी खेल-कूद का अवसर दिया जाएगा।

**Art Integration :** छात्रों से स्वस्थ जीवन पर एक परियोजना तैयार करवाई जाएगी। उसमें वे मनपसंद खेलों के मनपसंद सेहतमंद खाने के चित्र लगाएँगे।

**Interdisciplinary linkage and infusion of life skills :** छात्रों से विभिन्न पौधों के नाम एकत्रित करने के लिए कहा जाएगा जो जड़ी बूटियों के काम आते हैं। पाठ से बच्चे सीखेंगे कि हम अपने शरीर से जितना काम लेंगे शरीर उतना ही स्वस्थ रहेगा।

**Recapitulation :** पाठ-3 व सभी व्याकरण उपविषयों की मौखिक व लिखित दोहराई करवाई जाएगी।

**Resources including ICT (Information and Communication Technology)**
Youtube Links का इस्तेमाल करते हुए बच्चों को इस पाठ जैसी और कहानियो से परिचित करवाया जाएगा।

https://youtu.be/gAGll8ydhyY

**Assessment Sheets:** छात्रों को Practice Sheet दी जाएगी और Dict. Test लिया जाएगा।

शब्दों के अर्थ लिखें।

1. नाटा 2. सूचना

प्रश्न-उत्तर

1. अधिक खाने और पीने से सेठ का क्या हाल हो गया?

2. मोटापा दूर करने के लिए सेठ ने क्या कोशिश की?

व्याकरण

संज्ञा छाँटिए

1. मोहन दिल्ली से कपड़े लाया।

2. मधुर की आवाज़ में मिठास है।

**Remedial Teaching :** जो छात्र किसी भी प्रकार से पढ़ाई में अथवा हिंदी विषय में कम रुचि ले रहे हैं उन पर व्यक्तिगत ध्यान देते हुए उनसे मौखिक व लिखित अभ्यास करवाया जाएगा।

**Inclusive Practices And full Participation without Discrimination:** बिना किसी भेद-भाव के सभी छात्रों से Reading करवाई जाएगी। मौखिक चर्चा से सभी को बोलने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

## Lesson Plan SEPTEMBER 2025

**No of Teaching Days**

**Topic :** पाठ-6 चमेली

व्याकरणः अनेकार्थी शब्द भाषा और व्याकरण

**No of days required to complete the topic:**

**Knowledge objective:** इस पाठ से चमेली के फूलों के धरती पर आने की कहानी का पता चलता है। इससे बच्चों की कल्पना शक्ति का विकास होता है।

**Understanding Objective:** इस पाठ से छात्रों को यह सीख मिलती है कि यदि हमारे अंदर को यह सीख मिलती है कि यदि हमारे अंदर हिम्मत है तो किसी भी चीज को प्राप्त करना कठिन नहीं होता।

**Skill Objective:** छात्र इस पाठ के माध्यम से कुछ ऐसे गुणों को आत्मसात करने का कौशल विकसित करेंगे जो किसी मुश्किल काम को करने के लिए जरूरी होते हैं

**Previous Knowledge Testing:**

1. छात्रों से पूछा जाएगा कि आप को कौन-कौन से फूलों के नाम पता है?

2. आपका मनपसंद फूल कौन-सा है?

**Teaching Aids :** श्याम पट्ट अथवा हरित पट्ट, चॉक, झाड़न, फूल आदि।

**Pedagogical Strategies:** सर्वप्रथम पाठ-6 चमेली का आर्श वाचन स्वयं अध्य अध्यापिका द्वारा किया जाएगा। कठिन शब्दों के अर्थ समझा दिया जाएँगे। इनके उच्चारण पर बल दिया जाएगा। उनके उच्चारण पर बल दिया जाएगा। तत्पश्चात दो दिन वाचन पर ही लगाए जाएँगे। अगले दिन पुस्तक में कठिन शब्द रेखांकित करवा कर लिखने के लिए दिए जाएँगे। शब्दों के अर्थ, प्रश्नोत्तर चर्चा के उपरांत कॉपी में लिखवाए जाएँगे। भाषा व व्याकरण के प्रति गहरी समझ विकसित की जाएगी।

**Experimential Learning** छात्रों के किसी फूल जैसे गेंदा, गुलाब, जूही आदि पर कहानी बनाकर कक्षा में सुनाने को कहा जाएगा। इससे उनकी कल्पता शक्ति का विकास होगा।

**Art Integration :** गणतंत्र दिवस पर वीरता व साहस के लिए बच्चों को पुरस्कृत किया जाता है। इस वर्ष पुरस्कार पाने वाले किसी एक छात्र की साहसिक कहानी चित्र सहित लिखें।

छात्रों को विभिन्न फूलों की तस्वीरें कॉपी में चिपका कर उनके नाम लिखने को कहा जाएगा।

**Recapitulation :** छात्रों से संक्षेप में कहानी सुनी जाएगी व पाठ में से लघु प्रश्न सुन जाएँगे। खाली स्थान व वाक्य बनाओ सुने जाएँगे।

https://youtu.be//GAjsZ_88JXo

**Assessment Sheets:** पाठ-3 व सभी व्याकरण उपविषयों की मौखिक व लिखित दोहराई करवाई जाएगी।

शब्द-अर्थ

1. विचित्र 2. सरीखा

वाक्य बनाओ -

1. चाँदनी 2. चमत्कार

प्रश्न-उत्तर

1. चमेली कौन थी?

2. अक्का बाबा कहाँ रहते थे?

**Interdisciplinary linkages and infusion of Life Skills** छात्र वनस्पति जगत से परिचित होंगे। विभिन्न रंगों के फूल, बेल आदि के विषय में जानकारी एकत्रित करेंगे। ऐसा करते हुए व प्रकृति के नज़दीक जाकर उसे समझेंगे।

**Remedial Teaching :** जिन छात्रों की विषय पर पकड़ मजबूत नहीं है उनकी नींव को सुदृढ करने के लिए विशेष प्रयत्न किए जाएँगे। उनकी ओर व्यक्तिगत ध्यान दिया जाएगा। उन्हें अलग से अभ्यास कार्य दिया जाएगा। उन्हें ओर व्यक्तिगत ध्यान दिया जाएगा। उन्हें अलग से अभ्यास कार्य दिया जाएगा। हस्तलेख में पिछड़े छात्रों को भी हस्तलेखन सुधार के लिए प्रेरित किया जाएगा।

**Remedial Teaching :** सभी छात्रों को बिना किसी भेद-भाव के कक्षा गतिविधियों में सम्मिलित किया जाएगा। सभी को समान रूप से अपने विचार प्रकट करने का अवसर दिया जाएगा।

## Lesson Plan OCTOBER 2025

**No of Teaching Days**

**Topic :** पाठ–7 कौआ और कोयल

पाठ–9 बरगद की बात

व्याकरणः लिंग बदलो, वचन बदला (वाक्यों में सर्वनाम)

अनुच्छेद - उद्यान को सैर, मेरा प्रिय मित्र

**No of days required to complete the topic:**

**Knowledge objective:** इस में छात्र सीखेंगे कि किस तरह से एक सच्चा मित्र आपको सदा सही सीख देकर सही रास्ता दिखाता है। हम चापलूसों से भी सावधान होना सीखाकर हाजिर जवाब बनना भी सिखाया जाएगा।

**Understanding Objective:** व्याकरण में छात्रों को लिंग बदलो, वचन बदलों वाक्यों में सिखा कर, सर्वनाम को परिभाषा, भेद एवं, सर्वनाम छाँटों सीखेंगे। इसके साथ ही उन्हें अनुच्छेद लिखने सिखाए जाएँगे। बरगद की बात पाठ द्वारा द्वारा छात्र प्राचीन समय के राजाओं के दरबारियों से संबंध समझेगे।

**Skill Objective:** इसमें छात्र ईमानदारी और परिश्रम से मिलने वाले सच्चे सुख के प्रति संवेदनशील होंगे।

**Previous Knowledge Testing:**

छात्रों से पूछा जाएगा कि किसी को परेशान करना या बेईमानी करना कया अच्छी बात है?

कया हमें अपनी झूठी तारीफ सुन खुश होना चाहिए?

छात्रों से पूछा जाएगा कि एक सच्चे मित्र की क्या पहचान है?

क्या उन्होंने तेनाली राम की चतुराई का कोई और किस्सा सुना है?

**Teaching Aids :** Chalk, Duster, Book, charts, youtube links

**Pedagogical Strategies:** अध्यापिका द्वारा छात्रों को कक्षा में कौआ और कोयल कविता की reading करवाई जाएगी। साथ-2 कविता में आए कठिन शब्दों का सही उच्चारण करनी सिखाते हुए उनके अर्थ भी बताए जाएँगे। छात्रों को कविता अच्छी तरह से समझाई जाएगी। छात्रों को बारी-बारी से कविता को स-स्वर पढ़ने को कहा जाएगा। इसके पश्चात कठिन शब्द, शब्द-अर्थ & back exercise करवाई जाएँगी।

इसेक पश्चात छात्रों को खुद से प्रश्न उत्तर ढूँढ कर बताने तथा discuss करने के बाद लिखाए जाएँगे।

व्याकरण में छात्रों को सर्वनाम की परिभाषा समझा, कुछ उदाहरण देकर उनका प्रयोग स्वयं करना सिखाया जाएगा। फिर भेद समझाकर वाक्यों यें से सर्वनाम छाँटने को कहा जाएगा।

छात्रों को अनुच्छेद लिखने के लिए पहले रूपरेख, संकेत बिंदु आदि बनाकर किसी एक विषय के पक्ष (एक का ही वर्णन करें)। लेखन की भाषा सरल, स्पष्ट एवं प्रभवशाली हो।

**Experimential Learning** व्याकरण विषयों पर flash cards बनवाए जाएँगे। अध्यापक छात्रों को कक्षा में करवाए गए लिंग बदलो, वचन बदलो आदि से संबंधित अलग अलग चित्र गत्ते पर लगाकर लाने को कहेगा। कक्षा में छात्रों को खेल विधि द्वारा उपरोक्त विषयों को समझाया जाएगा।

लिंग बदलो (वाक्यों में)

1. लडकी पढ़ रही है।
2. चिड़ा डाल पर बैठा है।

सर्वनाम छाँटो

1. तुम अपना काम करो।

2. मैं अपने स्कूल जा रही हूँ।

**Art Integration :** छात्रों द्वारा पाठ-7 कौआ और कोयल तथा पाठ-9 बरगद की बात से संबंधित चित्र बनवाए जाएँगे। छात्र कोआ और कोयल जो दिखने में लगभग एक समान होते हुए भी अपने गुणों मे कितने भिन्न हैं समझ पाँगे। वही दूसरी तरफ बरगद के चित्र के माध्यम से वे समझ पाएँगे। कि दूसरों की भलाई करने से ही आदमी बड़ी बनता है।

**Interdisciplinary linkages and Infusion of life skills :** इसमें छात्रों को कौए और के माध्यम से होना-छपटी करने, एक दूसरे को परेशान करने, बेईमानी जैसे अवगुणों से बचने तथा ईमानदारी और परिश्रम जैसे गुणों को अपनाने को कहा जाएगा। वहीं दूसरे पाठ बरगद की बात पाठ से छात्रों चापलूसों से बचने और सबका भला करना का गुण पैदा होंगे।

**Recapitulation :** इसमें Recapitulation के दौरान छात्रों को पाठ में से प्रश्न उत्तर पूछे जाएँगे। कविता कोयल और कौआ की पंक्तियाँ पूरी करके सुनाने को कहा जाएगा। की पंक्तियाँ पूरी करके सुनाने को कहा जाएगा। Oral revision भी करवाई जाएगी। फिर Written revision भी करवाई जाएगी।

**Resources including ICT (Information and Communication Technology) :** इसमें बरगद की बात पाठ के प्रमुख पात्र चतुर तेनालीराम की अन्य सीख देने वाली कहानियों तथा व्याकरण संबंधी जानकारी देने के लिए youtube videos and link share किए जाएँगे। दृश्य तथा श्रवण सामग्री द्वारा छात्र असानी से सीखे पाएँगे।

Youtube links:-

https://youtube.com/watch?V=JMYUByPrv70&feature=share

https://youtu.be/dlc-9SqFbaM

**Assessment Sheets :** छात्रों द्वारा प्राप्त किए गए ज्ञान का सही पता लगाने के लिए Assessment sheets ली जाएँगी।

**Practice Worksheet**

कठिन शब्द - इठलाते, परिश्रम, बेईमानी

शब्द अर्थ - सुखदाई, टेर लगाई, चापलूस

निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखो।

प्र1. तेनाली राम किस राजा के दरबारी थे?

प्र2. कोयल ने सिर पर क्या रखा था?

वाक्य बनाओ : परिश्रम, ठंडी

लिंग बदलो

1. चाचा जी बाज़ार गए।
2. उसका बेटा आगरा गया।

**Remedial Teaching :** छात्रों द्वारा लिखने में की गई त्रुटियों को सुधारने के लिए उन्हें पाँच पाँच बार लिखने को कहा जाएगा तथा उनकी Formation भी सुधारी जाएगी। जिन छात्रों को कोई भी विषय समझ नहीं आ रहा होगा। उन्हें व्यक्तिगत रुप से विशेष ध्यान दिया जाएगा। बार-बार मौखिक एवं लिखित अभ्यास करवाया जाएगा।

**Inclusive Practices and full participation without discrimination :** बिना किसी भेदभाव के सभी बच्चों से Reading करवाई जाएगी। मौखिक चर्चा में सभी बच्चों को बोलने का अवसर मिलेगा।

## Lesson Plan NOVEMBER 2025

**No of Teaching Days**

**Topic :** पाठ-10 जंगल में मंगल

व्याकरणः विलोम शब्द (वाक्यों में)

अशुद्ध-शुद्ध

पत्र - उपहार के लिए सखी को धन्यवाद

**No of days required to complete the topic:**

**Knowledge objective:** इस में छात्र पशु पक्षियों की विशेषताओं को जाान पाएँगे।

**Understanding Objective:** व्याकरण में छात्रों को विलोम शब्द, सिखा कर शुद्ध शब्दों को शुद्ध करना सीखेंगे। पत्र लिखने के ढंग को सीखेंगे। पाठ

**Skill Objective:** छात्र पशु-पक्षियों में पाए जाने वाले गुणों को जानकर उनके प्रति संवेदनशील होंगे।

**Previous Knowledge Testing:**

छात्रों से पक्षियों की बोली के बारे में पूछा जाएगा तथा ये भी पूछा जाएगा कि कौन कौन से पक्षी सुरीली आवाज़ में गाते हैं ?

**Teaching Aids :** Chalk, Duster, Book, charts, youtube links

**Pedagogical Strategies:** अध्यापिका द्वारा छात्रों को कक्षा में कौआ और कोयल कविता की reading करवाई जाएगी। साथ-2 कविता में आए कठिन शब्दों का सही उच्चारण करनी सिखाते हुए उनके अर्थ बताए जाएँगे। छात्रों को कविता अच्छी तरह से समझाई जाएगी। इसके पश्चात छात्रों को पश्चात कठिन शब्द, शब्द-अर्थ back exercise करवाई जाएगी।

छात्रों को पाठ के प्रश्नों के उत्तर देने को कहा जाएगा। उनसे प्रश्नों के उत्तर discuss करने के पश्चात् लिखवाए जाएँगे।

छात्रों को विलोम शब्द वाक्यों में करवाए जाएँगे। फिर अशुद्ध-शब्दों के शुद्ध रुप में लिखना सिखाएगे।

समान अर्थ वाले शब्द Matching

| | A | B |
|---|---|---|
| 1. | जंगल | उपवन |
| 2. | वाणी | वन |
| 3. | कोयल | बोली |
| 4. | उद्यान | झगड़ा |
| 5. | दंगल | कोकिल |

अशुद्ध - शुद्ध

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारन | कारण |
| 2. | जनम | जन्म |
| 3. | गाइका | गायिका |
| 4. | ईसवर | ईश्वर |
| 5. | तैय्यार | तैयार |

**पत्र** : छात्रों को पत्र लिखने के नियम समझाकर उपहार के लिए सखी को धन्यवाद विषय पर पत्र लिखवाया जाएगा।

**Flash Cards – Experiential** पशु पक्षियों तथा उनके द्वारा बोली जाने वाली बोलियों, व्यकारण विषयों पर Flash cards बनवाए जाएँगे। पशु पक्षियों के चित्र गत्ते पर लगाने को कहा जाएगा। कक्षा में छात्रों को खेल विधि द्वारा उपरोक्त विषयो को समझाया जाएगा।

## पशु पक्षियों की आवाज़ों का मेल करे

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कोयल | टाँय टाँय |
| 2. | कौआ | हिन-हिन |
| 3. | गधा | मैं-मैं |
| 4. | बकरी | ढेंचू-ढेंचू |

5. घोड़ा काँव-काँव

6. तोता कुहू-कुहू

**Art Integration :** छात्रों द्वारा पाठ 10 जंगल में मंगल कविता से संबंधित पशु पक्षियों के चित्र बनवाए जाएँगे। छात्र अलग अलग पशु-पक्षियो द्वारा बोली जाने वाली बोलियाँ सीख पाएँगे।

**Interdisciplinary linkages and Infusion life skills :** जंगल में मंगल' पाठ के माध्यम से छात्रों को सरल, शुद्ध तथा मीठी वाणी बोलने को कहा जाएगा। छात्रों को विभिन्न पशु-पक्षियों में पाई जाने वाली विशेषताओं को भी सीखने में सक्षम होंगे।

**Recapitulation :** इसमें Recapitulation के दौरान छात्रों को प्रश्न पूछे जाएँगे। Overall revision भी करवाई जाएगी। फिर Written revisionभी करवाई जाएगी।

कविता की पंक्तियाँ पूरी करो।

जंगल में ................

महफिल खूब ............ थी।

............ आपस में

गाने की ............... थी।

**Resources including ICT (Information and Communication Technology) :** youtube links का इस्तेमाल करते हुए व्याकरण को समझाया जाएगा।

Youtube links:-

https://youtube/iuW8wWJlSqu

**Assessment Sheets** विलोम शब्द (वाक्यों में)

1. उसने गर्म पानी पी कर सैर की
2. आरती के पास काला छाता है।

पाठ-10 जंगल में मंगल

प्र1. निम्न शब्दों के अर्थ लिखो :- महफिल, वाणी

प्र2. 'बगीचा' दंगल क्यों बन गया?

प्र3. गधा किस सुर में गाने लगा?

प्र4. वाक्य बनाओः उद्यान, कौए

**पत्र** - उपहार के लिए सखी को धन्यवाद पत्र

**अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखो।**

1. ग्यान
2. जनम
3. नयी
4. किरन

**Remedial Teaching :** जिन बच्चों को कोई भी विषय समझ नहीं आ रहा है उन्हें व्यक्तिगत रूप से विशेष ध्यान दिया जाएगा। बार-बार मौखिक एवं लिखित अभ्यास करवाया जाएगा। सुंदर लिखाई तथा सही बनावट पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

**Inclusive Practices and full participation without discrimination :** बिना किसी भेदभाव के सभी बच्चों से Reading करवाई जाएगी। मौखिक चर्चा में सभी बच्चों को बोलने का अवसर मिलेगा।

## Lesson Plan DECEMBER 2025

**No of Teaching Days**

**Topic :** पाठ–11 ''जमाल का कमाल''

Revision of Periodic – 2nd

पाठ–9 बरगद की बात

पाठ –10 जंगल में मंगल

व्याकरणः लिंग बदलो, वचन बदलो, विलोम शब्द (वाक्यों में)

अशुद्ध-शुद्ध, सर्वनाम

पत्र

**No of days required to complete the topic:**

**Knowledge objective:** इस पाठ द्वारा छात्र सीखेंगे कि कोई भी मुसीबत हमारे साहस से बड़ी नहीं होती। हम मुसीबत में हमें धैर्य बनाए रखना चाहिए तथा साहस एवं हिम्मत से उसका सामना करते हुए, सूझबूझ से उसका हल निकालना चाहिए।

**Understanding Objective:** छात्र पुराने ज़माने के राज्य की प्रणाली को समझेंगे। राजा और दरबारी का आपसी संबंध समझ कर पुरानी शासन प्रणाली को समझेंगे।

**Skill Objective:** छात्र हर परिस्थिति में धीरज रखने के प्रति जागरुक होंगे। उन्हें पीठ में आए प्रश्नों से Out of the Box सोचने की प्रेरणा मिलेगी।

**Previous Knowledge Testing:**

शिक्षिका द्वारा छात्रों से पूछा जाएगा कि क्या उन्होंने कभी अकबर बीरबल की कथाएँ पढ़ी हैं?

क्या उन्होंने टेलीविज़न पर तेनालीराम की चतुराई के किस्से देखे हैं?

क्या किसी और राजा के ऐसे किस्से सुने हैं?

**Teaching Aids :** Chalk, Duster, Green Board, Charts, youtube links

**Pedagogical Strategies:** पाठ-11 'जमाल का  कमाल स्वयं उच्च स्वर में पढ़ कर सभी बच्चों से क्रमानुसार पढ़वाया जाएगा।  नए तथा कठिन शब्द का उच्चारण करना बता कर उनके अर्थ स्पष्ट किए जाएँगे। तत्पश्चात् कठिन शब्द शब्दार्थ कॉपियों में लिखवाए जाएँगे। प्रश्न उत्तरों की चर्चा कर बच्चों से प्रश्न उत्तर स्वयं लिखने को कहा जाएगा। Back exercises करवा कर छात्रों को काम पूरा करने के लिए कहा जाएगा।

Periodic Test 2nd के सभी विषयों की मौखिक दोहराई करवाई जाएगी छात्रों के सभी प्रश्नों का उत्तर समझा कर दिया जाएगा।

**Experiential Learning** छात्रों को Helium Gas से भरा गुब्बारा लाने को कहा जाएगा। Flash cards की मदद से उन्हें बकरे और घोड़े की ऊँचाई का फ़र्क बताने को कहा जाएगा। इस प्रकार बच्चे सीख पाएँगे कि सवारी के समय जमाल के पैर ज़मीन पर क्यों थे तथा गुब्बारा ऊपर क्यों उड़ गया।

**Art Integration :** बच्चों से पाठ से संबंधित चित्र बनाने  को कहा जाएगा। बच्चे की गतिविधि को बहुत चाव से करेंगे।

**Interdisciplinary linkages and Infusion life skills :** बच्चे विज्ञान का तथ्य कि गुब्बारे Helium Gas के हल्के होने के कारण हवा में उड़ गया सीखेंगे। इस पाठ से बच्चें सीखेंगे कि हमें कोई भी परेशानी होती उसका सामना सूझबूझ से करना चाहिए। हर परेशानी का हल समझदारी से निकल जाता है।

**Recapitulation :** पाठ-9, 10 की मौखिक दोहराई करवा कर लिखित दोहराई करवाई जाएगी। व्याकरण के सभी विषयों को समझाते हुए मौखिक दोहराई करवाई जाएगी। तत्पश्चात् लिखित दोहराई करवाई जाएगी।

**Resources including ICT (Information and Communication Technology) :** youtube links का इस्तेमाल करते हुए और कहानियों से परिचित करवाया जाएगा।

https://youtube/gAGll8ydhyY

**Assessment Sheets** बच्चों को टैस्ट और Practice Sheets दी जाएगी। Dictation Test भी लिया जाएगा।

**Test – पाठ**

1. **शब्दार्थ :**

   1. विशेष   2. उद्‌यान

2. तेनालीराम कौन थे?

3. किसके गाने से सब पर मस्ती छा गई ?

**Test व्याकरण**

1. सही सर्वनाम से खाली जगह भरो।

   1. ........... अकेला ही आऊँगा।

   2. ......... अपनी किताब फाड़ दी।

लिंग बदलो

1. सम्राट   2. माली

वचन बदलो

1. सब्जी   2. माला

विलोम शब्द

1. रात हो गई   2. मुझे काला घोड़ा चाहिए

शुद्‌ध वर्तनी लिखो

1. सपतम   2. प्रसनन

**Remedial Teaching**

जिन बच्चों को कोई भी विषय समझ नहीं आ रहा होगा उन्हें व्यक्तिगत रुप से विशेष ध्यान दिया जाएगा। बार-बार मौखिक एवं लिखित अभ्यास करवाया जाएगा। सुंदर लिखाई तथा सही बनावट पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

**Inclusive Practices and full participation without discrimination :** बिना किसी भेदभाव के सभी बच्चों से Reading करवाई जाएगी। मौखिक चर्चा में सभी बच्चों को बोलने का अवसर मिलेगा।

## Lesson Plan JANUARY 2024

**No of Teaching Days**

**Topic :** पाठ–14 'पेड़ हमारी जिंदगी'

व्याकरण - मुहावरे,

पर्यायवाची शब्द

गिनती

**No of days required to complete the topic:**

**Knowledge objective:** श्री द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी द्वारा रचित इस कविता के माध्यम से बच्चे पेड़ों की महत्ता के बारे में जानेंगे। वह सीखेंगे कि हमारा जीवन अपनी हर ज़रुरत के लिए पेड़ों पर आश्रित है। इस लिए हमें इन्हें काटना नहीं वरन् अधिक से अधिक लगाने चाहिए।

**Understanding Objective:** बच्चे व्याकरण के विभिन्न विषयों के माध्यम से भाषा को शुद्ध रुप से बोलना, लिखना व पढ़ना सीखेंगे। भाषा को मुहावरों के प्रयोग से अलंकृत करना सीखेंगे।

**Skill Objective:** पेड़ों का महत्त्व जानने के बाद छात्र वृक्षारोपण के प्रति जागरुक होंगे।

**Previous Knowledge Testing:**

1. अंटार्टिका महाद्वीप में जीवन संभव नहीं है। क्यों?
2. अगर पेड़ न हो तो हम जी पाएँगे?
3. हमें प्राण-वायु (आक्सीजन) कौन देता है?

**Teaching Aids :** Chalk, Duster, Green Board, Charts, Books, Youtube Links

**Pedagogical Strategies:** पाठ-14 'पेड़ हमारी जिंदगी कविता स्वयं उच्च स्वर में पढ़ कर सभी बच्चों से क्रमानुसार पढ़वाई जाएगी। नए तथा कठिन शब्दों का उच्चारण करना बता कर उनके अर्थ स्पष्ट किए जाएँगे। कठिन शब्द तथा शब्दार्थ कॉपी में समझा कर करवाए जाएँगे। इसके बाद प्रश्न उत्तर चर्चा कर सभी बच्चों से कॉपी में स्वयं करने को कहा जाएगा। Back Exercises करवा कर काम पूरा करने को कहा जाएगा।

व्याकरण के सभी विषयों को ज़िंदगी से जोड़ कर समझाया जाएगा। रसगुल्लों को देखकर मेरे मुँह में पानी आ गया।

**Experiential Learning :** बच्चों को पेड़ों के महत्त्व को बताने के बाद उन्हें स्कूल के मैदान का एक चक्कर कटवाते हुए बताया जाएगा कि पेड़ हमें छाया देते हैं। वातावरण को ठंडा रखते हैं। व्याकरण के विषयों को समझाने के लिए Flash Cards

मुहावरा बताओ

गगन, आसमान अंबर किसके पर्यायवाची हैं?

गिनो और लिखो

तेरह

नौ

**Art Integration :** बच्चों से पेड़ का चित्र बना कर उसके विभिन्न हिस्सों के नाम बताने को कहा जाएगा।

**Interdisciplinary linkages and Infusion life skills :** बच्चे पेड़ों के विषय में अधिक जान पाएँगे । पेड़ अपना खाना स्वयं किन-किन तत्वों के मदद से बनाते हैं। पेड़ गंदी वायु देते हैं। मुहावरों का प्रयोग अंग्रेज़ी में Proverbs के रुप में किया जाता है।

**Recapitulation :** करवाए गए सभी विषयों की मौखिक दोहरााई करवा कर लिखित दोहराई जाएगी। व्याकरण के सभी विषयों की मौखिक एवम् लिखित दोहराई करवाई जाएगी।

**Resources including ICT (Information and Communication Technology) :** youtube links का इस्तेमाल करते हुए बच्चों को पेड़ों पर Documentaries दिखाई जाएगी।

1. मुहावरों तथा पर्यायवाची शब्दों पर बनी चित्र कथा दिखा जाएगी।

https://youtube.com/watch?v=4YQOLZ8wxDE&feature.share

**Assessment Sheets :** बच्चों को लिखित दोहराई में Practice Sheets और Worksheet दी जाएगी।

**Test –** पाठ – पेड़ हमारी ज़िंदगी

1. शब्दार्थ :

    1. प्राण वायु　　　2. डाली

2. पेड़ के उपकार के बदले हम क्या करते हैं?

3. अगर पेड़ न हो तो क्या होगा?

**Test 2nd**

1. सही मुहावरे से वाक्य पूरे करो

    1. राम को कुछ भी समझ नहीं आता वह तो .......... है।

    2. पर्यायवाची शब्द लिखो।

        1. आग　　　2. सरोवर

    3. गिनती लिखो

        (i) 13.........　(ii) 17.......　(iii) 38........　(iv) 49..........

**Remedial Teaching**

जो बच्चे किसी प्रकार से किसी भी विषय में पिछड़ रहे होंगे उन पर विशेष ध्यान देते हुए उन्हें दोबारा से वह विषय समझाए जाएँगे। सुंदर लिखाई तथा सही बनावट पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

**Inclusive Practices and full participation without discrimination :** बिना किसी भेदभाव के सभी बच्चों से Reading करवा सभी बच्चों को कविता याद करवाई जाएगी। मौखिक चर्चा तथा मौखिक दोहराई में सभी बच्चों से पूछा जाएगा।

## Lesson Plan FEBRUARY 2024

**No of Teaching Days**

**Topic :** व्याकरण –

1. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द
2. वर्ण विच्छेद
3. अनुच्छेद वर्षा का एक दिन

   (ii) होली

Revision for Final Exams (whole Syllabus for $SA_2$)

**No of days required to complete the topic:**

**Knowledge objective:** बच्चे व्याकरण के इन विषयों के द्वारा भाषा को शुद्ध रुप से बोलना तथा लिखना सीखेंगे। उन्हें भाषा के बारे में अधिक जानकारी होगी।

**Application Objective:** बच्चे व्याकरण सीख कर भाषा के सुंदर, अलंकृत तथा प्रभावशाली रुप का इस्तेमाल कर सकेंगे। वह अपनी वाणी को अधिक प्रभावशाली तथा असरदार बना पाएँगे।

**Skill Objective:** बच्चे भाषा का सही रुप जान कर भाषा के प्रति जागरुक होंगे। उनकी उत्सुकता उन्हें इस भाषा के क्षेत्र में सफल बना पाएगी।

**Previous Knowledge Testing:**

शिक्षिका बच्चों से वर्ण क्या होता है पूछेगी?

अनुच्छेद किसे कहते हैं?

जिसे देखा न जा सके उसे क्या कहेंगे?

**Teaching Aids :** Chalk, Duster, Green Board, Charts, Books, Youtube Links

**Pedagogical Strategies:** बच्चों को अनेक शब्दों के लिए शब्द समझा कर लिखवाए जाएँगे। वर्ण विचार की दोहराई करवा कर वर्ण विच्छेद समझाया जाएगा।

1. कमल – क् + अ + म् + अ + ल् + अ
2. गीता – ग् + ई + त् + आ
3. अनुभव – अ + न् + भ् + अ + व् + अ
4. ओर – ओ + र् + अ

अनुच्छेद किसे कहते हैं – समझा कर संकेत शब्द दे कर बच्चों को वर्षा का एक दिन तथा होली पर अनुच्छेद स्वयं लिखने के लिए दिया जाएगा।

SA2 के सभी विषयों की मौखिक दोहराई करवा कर लिखित दोहराई करवाई जाएगी। Dictation Test, Recitation Test भी लिया जाएगा।

**Experiential Learning :** अनेक शब्दों के लिए एक शब्द तथा वर्ण विच्छेद को समझाने के लिए Flash Cards बनवाए जाएँगे। जैसे

| | |
|---|---|
| सैनिक | धोबी |
| देश की रक्षा करने वाला | जो कपड़े धोता है |
| इ + म् + अ + ल् + ई | इमली |
| च् + उ + न् + अ | चुन |

**Art Integration :** बच्चों से डाकिया व गायक का चित्र बनवाया जाएगा।

**Interdisciplinary linkages and Infusion life skills :** बच्चे बहुत से नए शब्द सीखेंगे। वर्षा कैसी होती ? बच्चों को यह बताया और समझाया जाएगा (विज्ञान)

**Recapitulation :** व्याकरण तथा पाठ सभी विषयों की मौखिक दोहराई करता कर लिखित दोहराई करवाई जाएगी। $SA_2$ की तैयारी के लिए बार-बार मौखिक, M.C.Q. लिखित दोहराई करवाई जाएगी।

**Resources including ICT (Information and Communication Technology)** : youtube links का इस्तेमाल करते हुए व्याकरण https://youtube.ZRnaj3mAQlM को समझाया जाएगा।

**Assessment Sheets**

**Test –1** पाठ

1. शब्दार्थ :

   1. पथिक 2. प्रसन्न 3. सन्नाटा

2. टिंबकटू का बादशाह कैसा था?

3. पेड़ हमारे लिए क्या क्या सहते हैं?

4. बरगद का पेड़ लाभदायक है कैसे?

5. वाक्य बनाओ

   1. मसखरा 2. बादशाह 3. गुब्बारा

**Test 2nd** (व्याकरण)

1. वर्ण किसे कहते हैं?

2. मुहावरों के अर्थ लिखो

   1. कमर कसना 2. दाँत खट्टे करना

3. (हवा, वायु, अनिल) किसके पर्यायवाची शब्द हैं?

4. लालच करने वाला ............ होता है?

5. गाँव में रहने वाले को ........ कहते हैं।

6. लिंग बदलो

1. कवि 2. वीर

7. वचन बदलो

1. सब्ज़ी 2. फूल

8. ग् + इ+ ट् + आ + र् + अ ............

9. 'होली' विषय पर अनुच्छेद लिखो।

**Remedial Teaching**

जो बच्चे किसी भी विषय में अथवा क्षेत्र में पिछड़ रहे होंगे उन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्हें बार बार अभ्यास करवाया जाएगा। लिखित और मौखिक दोहराई करवाई जाएगी।

**Inclusive Practices and full participation without discrimination :** सभी बच्चों की मौखिक एवम् लिखित दोहराई करवाते हुए सभी बच्चों पर बराबर ध्यान दिया जाएगा। सभी को कक्षा चर्चाओं का हिस्स बनाया जाएगा।